बिहार सरकार
नगर विकास एवं आवास विभाग

कार्यालय आदेश

आदेश संख्या–01/स्था0 (विविध)–06/2018...167.../न0वि0आ0वि0, पटना, दिनांक 26/03/18

विभाग द्वारा संचालित SBM, NULM एवं SLPMU परियोजनाओं में PMU Team Leader की महत्वपूर्ण भूमिका तथा विभाग स्तर से उक्त परियोजनाओं के अनुश्रवण हेतु PMU Team Leader से लगातार सम्पर्क रखने की आवश्यकता के आलोक में निम्न कार्रवाई का निदेश दिया जाता है :–

(i) SBM, NULM एवं SLPMU के PMU Team Leader अथवा उसके प्रतिनिधि को विभाग के भू–तल स्थित कमरा संख्या–18 में बैठकर कार्य करने का निदेश दिया जाता है।

(ii) SBM, NULM एवं SLPMU के PMU के टीम के शेष कार्मिकों को इन्दिरा भवन स्थित विभाग को आवंटित स्थान में कार्य करने हेतु निदेश दिया जाता है।

(iii) SBM, NULM एवं SLPMU के PMU के टीम के कार्मिकों का उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु बायोमैट्रिक्स मशीन द्वारा उपस्थिति दर्ज करने का निदेश दिया जाता है। यदि कोई कार्मिक कार्य के सिलसिले में क्षेत्र में होंगे तो उसकी सूचना विभाग को Team Leader अथवा उसके प्रतिनिधि द्वारा विभाग को उपलब्ध कराया जायेगा।

(iv) SBM, NULM एवं SLPMU के PMU Team Leader अथवा उसके प्रतिनिधि के उपयोग हेतु कमरा संख्या–18 में एक दूरभाष अधिष्ठापित कराई जायेगी। दूरभाष का अधिष्ठापन एवं उसका व्यय का वहन विभाग के किसी योजना मद की राशि से कराई जायेगी। इसके लिए संबंधित शाखा प्रस्ताव उपस्थापित करेंगे।

2. प्रस्ताव पर प्रधान सचिव का अनुमोदन प्राप्त है।

ह0/–
(राम सेवक प्रसाद)
सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांक–01/स्था0 (विविध)–06/2018...1757.../न0वि0आ0वि0, पटना, दिनांक–26/03/18

प्रतिलिपिः–माननीय मंत्री के आप्त सचिव/प्रधान सचिव के निजी सहायक/सभी विभागीय पदाधिकारी/श्री सोमेश कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता/ SBM, NULM एवं SLPMU के PMU Team Leader नगरको सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

26.3.18
सरकार के अवर सचिव।